in the remaining blocks as well as sewarage in the colony, would be taken up by DDA subject to availability of funds.

Ravi and Beas Waters Tribunal Report

1073. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK : Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Ravi and Beas water tiibunal has since submitted its report, regarding distribution of waters between Haryana, Punjab and Rajasthan to the Central Government ;

(b) if so, what are the detahs of recommendations made by the tribunal ; and

(c) what is the reaction of Government thereof ?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Narmada Waters for Saurashtra

1074. SHRI SHANKAR SINH VAGHELA : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to meet the chronic drinking water problem in the rural areas of Saurashtra region of Gujarat from the Narmada through a network of pipelines ;

(b) if so, whether the blueprint has since been prepared;

(c) what is the estimated expenditure likely to be incurred on this project ; and

(d) by when it would be completed

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI RAMANAND YADAV) : (a) and (b) Provision of drinking water is the responsibility of the State Governments. The Government of Gujarat have informed that they have engaged consultants for preparation of a feasibility report on supply of drinking water to Saurashtra region from the Narmada river.

"लैब टू लैंड" कार्यक्रम

1075. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "लैब टू लैंड" कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) यह कार्यक्रम किन-किन स्थानों में सफल रहा है और बिहार में किन किन स्थानों में सफल रहा है ?

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल कार्यक्रम है। जहां कहीं इसमें कमियां हैं उन्हें दूर किया जा रहा है। एक मूल्यांकन समिति ने हाल ही में प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम के परिचालन की जांच की है। मूल्यांकन समिति की सिफारिशों को कार्यान्वयन के लिए जांच की जा रही है।

(ख) यह कार्यक्रम 102 प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम के केन्द्रों के माध्यम,

से कार्यान्वित किया जा रहा है। राज्यवार ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम के केन्द्रों की संख्या
1.	हरियाणा	4
2.	हिमाचल प्रदेश	2
3.	जम्मू व कश्मीर	1
4.	पंजाब	2
5.	दिल्ली	3
6.	उड़ीसा	3
7.	पश्चिम बंगाल	9
8.	अण्डमान तथा निकोबार	1
9.	असम	1
10.	मणिपुर	1
11.	बिहार	11
12.	उत्तर प्रदेश	19
13.	आंध्र प्रदेश	6
14.	गुजरात	2
15.	राजस्थान	5
16.	मध्य प्रदेश	4
17.	महाराष्ट्र	6
18.	कर्नाटक	7
19.	केरल	6
20.	तमिलनाडु	9
	कुल	102

बिहार में प्रयोगशाला से खेत तक कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, रांची, नवादा तथा होलोकास, हजारीबाग, तथा बनवासी सेवा केन्द्र, अधोरा, जिला रोहतास में सफल रहा है।

बिहार में परवल फसल को प्रभावित करने वाली बीमारी

1076. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उस बीमारी के कारण जिससे "परवल" सब्जी कम फलती है और कभी-कभी बिल्कुल नहीं फलती है, उसके उपचार का पता लगाने के संबंध में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा अनुसंधान शुरू किये जाने के लिए किये गये अनुरोधों पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है;

(ख) क्या यह सच है कि बिहार में मुंगेर और बरियारपुर में बहुतायत में पैदा की जाने वाली इस सब्जी के संबंध में अभी तक कोई अनुसंधान कार्य नहीं किया गया है; और

(ग) क्या सरकार बरियारपुर, जमालपुर अथवा मुंगेर में, चूंकि "परवल" इन क्षेत्रों की मुख्य फसल है, अनुसंधान कार्य शुरू करने का विचार रखती है?

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) परवल के जर्मप्लाज्म तथा उसकी रोग-प्रतिरोधिता के मूल्यांकन पर अखिल भारतीय समन्वित सब्जी सुधार प्रायोजना के अन्तर्गत सबौर (बिहार) फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) और कल्याणी (पं० बंगाल) तथा केन्द्रीय बागवानी परीक्षण केन्द्र रांची में अनुसंधान कार्य जारी है। भागलपुर में भागलपुर विश्वविद्यालय (बिहार) के वनस्पति विभाग में चलाई जा रही खरबूजे और परवल के फलों की तुड़ाई के बाद उनमें लगने वाली बीमारियां शीर्षक एक तदर्थ योजना के अन्तर्गत किये जाने वाले अनुसंधान कार्य में भी प्रगति जारी है।' "दियारा में परवल (ट्राइचोडेस्मा इन्टेड गौड़) के महत्वपूर्ण बीमारियों और कीड़ों की रोकथाम के उपाय, उपजातीय सुधार एवं कृषि तकनीकों के मानकीकरण" नामक एक दूसरी